संस्थान में विश्व हिंदी दिवस संपन्न

भा कृ अनु प - के मा प्रौ सं में 10 जनवरी 2021 को डॉ.रविशंकर सी.एन.,निदेशक की अध्यक्षता में हिंदी दिवस उत्साह से मनाया गया। राजभाषा के इस बेला में केंद्रीय मात्स्यिकी प्रौद्योगिकी संस्थान,कोच्ची,मुख्यालय के वैज्ञानिक/अधिकारी व कर्मचारी सभी सम्मेलित थे। वर्चूयल माध्यम से संस्थान के क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, वेरावल, मुंबई, विशाखपट्टणम के प्रभारी वैज्ञानिक तथा राजभाषा से जुडे अधिकारीगण की भी सहभागिता रही।

यह उल्लेखनीय है कि 'ग' क्षेत्र में स्थित हमारे संस्थान में राजभाषा के विकास एवं प्रगति में सभी ने स्वप्रेरण तथा क्रियात्मक रुप से भाग लिया। डॉ.जे.रेणुका, उपनिदेशक(राजभाषा) ने सभा का स्वागत किया तथा हिन्दी के राजभाषा से विश्वीय भाषा के विकास प्रक्रिया पर प्रस्तुत किया।

संस्थान के निदेशक डॉ.रविशंकर जी ने संस्थान को राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वयन केलिए प्राप्त परिषद एवं राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय के पुरस्कारों पर संतोष व्यक्त किया एवं राजभाषा विभाग की सराहना की। आपने अपने संकल्पशील संबोधन में राजभाषा के व्यावहारिक कार्यान्वयन को रेखांकित करते हुए राजाभाषा के अनुपालन में सभी को सहयोग देने का आग्रह किया। साथ ही क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, वेरावल, मुंबई, विशाखपट्टणम में लागु राजभाषा गतिविधियों की भी प्रशंसा की।

हिंदी दिवस के सुअवसर पर निदेशक महोदय के करकमलों से**'कार्यालय निपुणता'** (द्विभाषिक संस्करण) का विमोचन किया गया तथा संस्थान के सभी प्रभाग/अनुभाग एवं क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों को इसकी प्रति वितरीत की गई। डॉ.पी.शंकर के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।